आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 27.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने **पीएम स्वनिधि** योजना के पुनर्गठन और ऋण अवधि बढ़ाने को मंजूरी दी।
- राज्य में मांग के अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है–अब तक 8 लाख 23 हजार मीट्रिक टन यूरिया वितरित।
- आर.पी.एस.सी. ने फर्ज़ी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के बढ़ते मामलों को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में मेडिकल जांच का प्रावधान किया।
- गणेश चतुर्थी का पावन पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जा रहा है।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने **पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना** के पुनर्गठन और ऋण अवधि को आगे बढ़ाने को मंज़ूरी दे दी है। इसकी ऋण अवधि अब 31 मार्च, 2030 तक बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में ये निर्णय लिये गये। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नये लाभार्थियों सहित कुल 1 करोड़ 15 लाख लोगों को लाभान्वित करना है। इससे स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवारों को सुविधाजनक ऋण मिल सकेंगे। इसके साथ ही योजना का दायरा कस्बों और अर्धशहरी क्षेत्रों तक बढ़ाया जा सकेगा। पीएम स्वनिधि योजना में इस साल 30 जुलाई तक 68 लाख से ज्यादा रेहड़ी–पटरी वालों को करीब 13 हजार करोड़ रुपये के 96 लाख से ज्यादा ऋण दिये जा चुके हैं।

कैबिनेट ने राष्ट्र मंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ये खेल गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित किये जाएंगे। इनमें 72 देशों के एथलीट भाग लेंगे। भारत में राष्ट्र मंडल खेलों के आयोजन से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल जापान यात्रा के लिए रवाना होंगे। वे भारत–जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को दोनों देशों के बीच साझेदारी के एक नये अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में भारत–जापान के बीच लगभग 22 अरब डॉलर का व्यापार होता है। इस यात्रा से सेमीकंडक्टर, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव से आंतकवादियों को करारा जवाब मिला है। श्री शाह ने आज ऑपरेशन महादेव में शामिल हुए सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस और सी. आर.पी.एफ. के जवानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनआईए की फोरेंसिक प्रयोगशाला ने तकनीकी रूप से साबित कर दिया है कि ऑपरेशन महादेव में मारे गए आतंकवादी पहलगाम हमले से जुड़े थे। गृहमंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी बच नहीं सकते हैं।

000

राज्य में मांग के अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यूरिया और डीएपी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट –

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज डूंगरपुर में लॉटरी निकाली गई। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि हवाई यात्रा के लिए 121 और रेल से तीर्थाटन के लिए 1 हजार 6 यात्रियों को चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि उपलब्ध कोटे के अलावा प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई है। करौली में भी तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज लॉटरी निकाली गई।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के मामलों को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में मेडिकल जांच का प्रावधान किया है। आर.ए.एस. भर्ती 2023 में पहली बार अब मेडिकल जांच की जाएगी। गौरतलब है कि इस पहल से संदिग्ध प्रमाण पत्र वाले अनेक अभ्यर्थी मेडिकल जांच में अनुपस्थित रह रहे हैं। इसके साथ ही आयोग के समक्ष ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें अभ्यर्थियों ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी श्रेणी दिव्यांग से सामान्य में बदलने की गुहार लगाई है। आर.पी.एस.सी. अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस कदम से भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष होगी। साथ ही फर्जी प्रमाण के बूते दिव्यांग और अन्य श्रेणियों में अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर लगाम लगेगी।

000

प्रदेश में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहकारी समितियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और 'सहकार से समृद्धि' के सफल क्रियान्वयन के लिए पैक्स और लैम्प्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि इसके लिए एनसीडी पोर्टल पर प्रदर्शित अंकों के अनुसार उनका चयन किया जाएगा।

000

गणेश चतुर्थी का पावन पर्व देशभर में श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। सुबह से ही चारों ओर गणपति जयघोष की गूंज है। मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी हैं। जगह—जगह शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। घरों और पंडालों में गणपति स्थापना की गई। इसके साथ ही दस दिनों तक गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि ये पावन अवसर सभी के लिए मंगलकारी हो और सबका जीवन निर्विघ्न बने।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश से प्रदेश हरियालो राजस्थान की ओर आगे बढ़ रहा है।

000

सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मेले में जन सैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। चूरू में भी गणेश मंदिरों में दर्शनों के लिए लम्बी कतारें देखी गईं। डूंगरपुर, कोटपूतली—बहरोड, अजमेर और हनुमानगढ सहित अन्य स्थानों पर भी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। राजसमंद में भी गणेश मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अरविंद स्टेडियम में आज से गणेश उत्सव का आगाज हुआ।

000

इस बार गणेश चतुर्थी से पहले ही विभिन्न संगठनों की ओर से मिट्टी और गोबर से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की अपील की गई। अनंत चतुर्दशी के दिन विधिवत रूप से गणपति विसर्जन किया जाएगा।

000

प्रदेश में विभिन्न हादसों में 10 लोगों की मृत्यु हो गई। बालोतरा में लूणी नदी की जसोल–बालोतरा रपट पर एक कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार आठ लोग नदी बह गये। इनमें तीन की मौत हो गई और दो का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सिविल डिफेंस और प्रशासन की टीमें बाकी तीन लोगों की तलाश कर रही हैं। ये सभी जोधपुर के नरसिंहपुर गांव से जसोल माता भटियाणी मंदिर आ रहे थे।

उधर, जालोर जिले के आसाना गांव के पास नदी किनारे कार और छह जोड़ी जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान तुरंत शुरू किया गया। एसडीआरएफ की टीम ने चार लोगों के शव बरामद किये हैं।

वहीं, चित्तौड़गढ़ के राशमी में एक वैन पुलिया पार करते समय बनास नदी में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। एक व्यक्ति की तलाश जारी है और पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के शिकार लोग जिले के भूपाल सागर के कानाखेड़ा गांव के रहने वाले थे और भीलवाड़ा में सवाईभोज के दर्शन के लिए गये थे। इस दौरान उन्होंने गूगल मैप की सहायता ली और बंद पड़ी सोमी–उपरेड़ा पुलिया पर पहुंचे गये, जहां वे सभी पानी के तेज बहाव में बह गये।

000

राज्य के कुछ हिस्सों में अगले दो दिन हल्की से मध्यम बारिश और दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी–पूर्वी राजस्थान में 29–30 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार हैं। इस दौरान कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बरसात हो सकती है। इस बीच, आज डूंगरपुर और भरतपुर में दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। हमारे डूंरगपुर संवाददाता ने बताया कि इससे कई जगह यातायात बाधित हो गया।

000

राज्य के जल स्त्रोतों में पानी की आवक लगातार जारी है। ये अपनी भराव क्षमता के 82 प्रतिशत से अधिक के स्तर पर पहुंच गये हैं। छोटे–बड़े 693 बांधों में से 335 लबालब हैं। वहीं 231 आंशिक रूप से भर गये हैं।

000